दिनांक 09.10.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिए आवास मिशन , अंतर्गत मोर जमीन मोर मकान के लिए किया जा रहा है शिविर का आयोजन

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई क्षेत्रान्तर्गत वार्ड 04, 05, 06, 17, 22, 23, 29 एवं 30 में प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर जमीन मोर मकान के लिए शिविर का आयोजन किया गया है! इन वार्ड के लिए अलग-अलग तिथि निर्धारित की गई है जो कि 4 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक के लिए आयोजित है मुख्यतः जहां पर मोर जमीन मोर मकान के अप्रारंभ आवासों की संख्या अधिक है वहां पर शिविर का आयोजन किया गया है ताकि उन आवासों को प्रारंभ करा कर योजना का लाभ हितग्राहियों को प्रदान किया जा सके। मोर जमीन मोर मकान की जानकारी प्रदाय करने के लिए वार्ड 29 एवं 30 के नागरिकों के लिए अण्डा चौक खुर्सीपार में कल दिन गुरुवार को समय दोपहर 12 से 5 बजे तक शिविर लगाया जाएगा जिसमें वास्तुविद नमन भट्ट, निकेश ताम्रकार एवं अविनाश जैन आदि मौजूद रहकर मोर जमीन मोर मकान की जानकारी देंगे एवं इससे संबंधित समस्याओं का निराकरण करेंगे।

जल है तो कल है

जनसम्पर्क अधिकारी